Title: Problems being faced due to setting of an "abattoir" in Gazipur Mandi, Delhi.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : श्रीमन्, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर एक बहुत ही गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। दिल्ली से बूचड़ खाने को गाजीपुर के इलाके में ले जाने का निर्णय है, ऐसा अखबारों में आया है। इसका दुपरिणाम यह होगा कि गाजियाबाद की कई कालोनियां सूर्यनगर, कोशाम्बी, वसुंधरा, इंदिरापुरम, वैशाली और नोएडा से जो लोग आकर बस रहे थे, उनका पलायन शुरू हो जाएगा। वहां से छः किलोमीटर दूर हिंडन एयरबेस है और वहां फाइटर प्लेन आते हैं। वहां पर कानूनन प्रतिबंध है, जहां कोई एयरबेस है तो उसके पास के इलाके में कोई बूचड़ खाना नहीं खोला जा सकता है। इसके बावजूद लोगों की भावनाओं की परवाह किए बगैर ऐसा किया जा रहा है। लोग कोशिश करते हैं कि उनका पड़ौस ठीक रहे, सम्पन्न रहे और मजबूत रहे और उनके काम आए, लेकिन दिल्ली के लोग, दिल्ली की सरकार पड़ौस में हमारे गाजियाबाद और उसके पूरे इलाके को उजाड़ने का काम कर रही है। इसके प्रति वहां की पूरी जनता में गंभीर असंतोा है। लोग आंदोलित हैं, सड़कों पर आ रहे हैं और वहां नौ-नौ, दस-दस घंटे जाम लगता है। ऐसी स्थिति आ सकती है कि वहां से न कोई आदमी दिल्ली आ सकता है और न ही दिल्ली से वहां जा सकता है, यह नौबत है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली से उसे उठा कर बाहर न ले जाएं, आबादी वाले क्षेत्र में न ले जाएं। जहां आबादी से दूर का इलाका हो, वहां ले जा सकते हैं, लेकिन जो बहुत ही बढ़िया एडवांस कालोनी है, जहां लाखों लोग रह रहे हैं वहां न ले जाएं। दिल्ली के अंदर आंख बंद करके, बिना देखे कि बाहर क्या हो रहा है, बाहर कौन रह रहे हैं, कौन नहीं रह रहे हैं, ये सब हो रहा है, इस पर रोक लगाने का काम करें।